बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड़, भोपाल – 462026

क्रमांक 2303/अकादमी (पात्रता)/2024 दिनांक 25-11-2024

:: अधिसूचना ::

प्रवेश लेने के पश्चात् विद्यार्थियों के द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया है। बिना पात्रता के परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सकता है। छात्रहित को देखते हुए विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयों के अनुरोध पर अंतिम बार पात्रता पोर्टल खोला जा रहा है। यह पात्रता प्रमाण पत्र भरने के लिए अंतिम अवसर है।

स.क्र.	पात्रता आवेदन तिथियों का विवरण	सामान्य शुल्क
01	25/11/2024 से 30/11/2024 तक	300/–

विशेष सूचना :–

01. मध्यप्रदेश राज्य के मूल निवासी आवेदक जिन्होने मध्यप्रदेश राज्य से सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./एम.पी. बोर्ड तथा म.प्र. राज्य ओपन बोर्ड/पोर्टल पर प्रदर्शित मान्य से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की हो ऐसे विद्यार्थियों के लिए पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

02. अन्य राज्य के 12वीं उत्तीर्ण 102 तथा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

03. विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट **WWW.bubhopal.ac.in** के माध्यम से पात्रता प्रमाण पत्र का आवेदन भरते समय 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची तथा मूल निवासी प्रमाण पत्र अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।

नोट :– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रतानुसार प्रवेश के समय आवेदक के दस्तावेजों के सत्यापन एवं पात्रता परीक्षण का संपूर्ण दायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। आवेदन तिथि से 07 दिवस के अंदर संबंधित महाविद्यालय के माध्यम से प्रवेश पात्रता की हार्ड कापी वि.वि. में जमा करना अनिवार्य है। इसके पश्चात आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। छात्रों के द्वारा प्रवेश पात्रता आवेदन की हार्ड कापी वि.वि. में स्वीकार नहीं की जावेगी। आवंटन का तात्पर्य यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक प्रवेश की पात्रता पूर्ण करता है। विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक 2304/अकादमी (पात्रता)/2024 दिनांक 25-11-2024

प्रतिलिपि :

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन की ओर सूचनार्थ।
2. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण की ओर सूचनार्थ।
4. कुलगुरू के निज सहायक के माध्यम से माननीय कुलगुरू जी की ओर सूचनार्थ।
5. कुलपति के निजि सहायक के माध्यम से माननीय कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव परीक्षा शाखा/गोपनीय शाखा/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ।
7. नस्ती

सहा. कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल